ग्राम पंचायत भेलू में 3.84 करोड़ के 19 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कोलायत विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भेलू में शुक्रवार को 3 करोड़ 84 लाख रुपए से अधिक लागत के 19 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान पंचायत समिति मद, विधायक निधि कोष, जलदाय विभाग, ग्राम पंचायत मद, सार्वजनिक निर्माण विभाग की राशि व विद्युत विभाग की राशि से ग्राम पंचायत भेलू में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। भाटी ने इस ग्राम पंचायत में सार्वजनिक निर्माण के कार्यों नलकूप निर्माण कार्य व विद्युत कनेक्शन नलकूप को थ्री फेज विद्युत से जोड़ने, आंगनबाड़ी भवन, पटवार मंडल भवन के जीर्णोद्धार कार्य, सार्वजनिक भवन व सामुदायिक भवन के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने ग्राम पंचायत भेलू में शुक्रवार को विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

ऊर्जा मंत्री ने खजोड़ा के उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीनशैड और चारदीवारी और गांव खिंदासर में विधायक निधि से बने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। ऊर्जा मंत्री भाटी ने गांव कांकेला में 156 लाख रूपये की लागत से बनने वाले 33/11 केवी जी. एस. एस. का शिलान्यास किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा इस जीएसएस का कार्य आगामी 15 दिनों में पूरा करवा दिया जायेगा। भेलू ग्राम पंचायत का यह तीसरा जीएसएस होगा। उन्होंने कहा कि 126 लाख रुपए की लागत से इस जीएसएस के इलेक्ट्रिकल का कार्य और 30 लाख रूपए सिविल वर्क पर खर्च किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह पांचू 132 के वी जीएसएस से निकलने वाला 33 के वी जीएसएस है और यह हनुमान नगर फीडर से जुड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इससे कृषि के तीन फीडर निकलेंगे, जिससे क्षेत्र के किसानों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इससे निकलने वाले 11 केवी के फीडर कांकेला, मंड़ली व मोतीरा है। उन्होंने बताया कि हनुमाननगर जीएसएस पर 3.15 एमवीए का ट्रांसफार्मर बदलकर 2 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिस पर करीब 82 लाख रूपए का खर्चा आया है।

उन्होंने बताया कि भेलू जीएसएस पर पूर्व में 5 एमवीए का एक ट्रांसफार्मर लगा था, जिस पर एक अतिरिक्त 5 एम वी ए ट्रांसफार्मर लगाकर कुल क्षमता 2.5 एम वी ए की गई है। इस कार्य पर 77 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसी तरह खींदासर जीएसएस पर पूर्व के 3.15 एमवीए के स्थान पर 77 लाख की लागत के 5 एमवीए क्षमता एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा दिया है। ऊर्जा मंत्री ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कोलायत विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, उच्च शिक्षा, पानी-बिजली व सड़क आदि के हुए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता नफीस खान, भामाशाह बाबू सिंह, विद्युत

- **गांव कांकेला में 156 लाख रूपये की लागत से बनने वाले 33/11 केवी जी. एस. एस. का शिलान्यास किया**

विभाग के अधिशाषी अभियंता बी. आर. के. रंजन, करणी सिंह, कोलायत क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष हरिसिंह सांखला, गडियाला सरपंच रामेश्वर भूतड़ा, पंचायत समिति सदस्य घेवर सिंह, जिला परिषद सदस्य मोहन दान रतनू, दासौड़ी सरपंच मोहन दान, पूर्व सरपंच गोपाल सिंह, सरपंच भूपेंद्र सिंह , सरपंच राजाराम, खिंदासर सरपंच रतीराम, दासौड़ी के पूर्व सरपंच रामदयाल रतनू, संत चंद्रशेखर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भाटी रविवार को गाढ़वाला में प्रात: 10 बजे लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। भाटी यहां 33 के.वी. जी.एस.एस. तृतीय का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद गाढ़वाला में नवीन पेयजल योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऊर्जा मंत्री विधायक निधि कोष, ग्राम पंचायत एवं अन्य योजनाओं में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

डिग्गी में डूबने से दो बच्चों की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीकरणपुर कस्बे के निकट गांव 12 ओ स्थित ईंट-भट्टे पर पानी की डिग्गी में डूबने से आठ व पांच वर्षीय दो मासूमों की मौत हो गई। शाम करीब पांच बजे पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजन को सौंप दिए गए। बुआ-मामा की संतान होने से दोनों बच्चे रिश्ते में भाई थे।

स्थानीय सी.एच.सी. परिसर में हवलदार महेन्द्र पाल व बच्चों के परिजन से मिली जानकारी अनुसार गांव 12 ओ के डिप्टी ईंट-भट्टे पर हुई घटना में सन्नी (8) पुत्र विजय सिंह निवासी बारीखेड़ा उत्तरप्रदेश व बंटी (5) पुत्र रवि कुमार कश्यप की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सुबह करीब नौ से दस बजे के मध्य बच्चे घर से निकले और 11 बजे तक नहीं लौटे। इसके बाद परिजन ने उनकी तलाश शुरू की। इदी दौरान वहां मिली एक बच्ची ने रोते हुए डिग्गी की ओर इशारा किया तो वहां पानी में दोनों बच्चे बेसुध अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत यहां राजकीय चिकित्सालय में लाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि विजय सिंह और रवि कुमार आपस में जीजा-साला लगते हैं।

जानकारी अनुसार विजय सिंह व रवि कुमार सहित अन्य कुछ श्रमिक नौ दिन पहले ही इस ईंट-भट्टे पर काम करने के लिए आये थे। बरसाती मौसम के चलते यहां अभी काम भी शुरू नहीं हुआ था कि यह हादसा हो गया। दोनों ही श्रमिकों (विजय व रवि) की दो-दो संतानें हैं। घटनाक्रम में दोनों के ही पुत्रों की डिग्गी में डूबने से जान चली गई।

सार-समाचार

राजनीतिक प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण

जिला निर्वाचन विभाग की ओर से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया।

बीकानेर, (कासं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत ईईएम, एम. सी. सी. सहित आईटी के विभिन्न ऐप जैसे सुविधा, सी विजील , केवाईसी तथा एमसीएमसी, पेड न्यूज और फेक न्यूज़ सहित शिकायत निवारण के संबंध में शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और चुनाव अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिभागियों को विस्तार से चुनाव प्रक्रियाओं नियम प्रावधानों की जानकारी पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई। मास्टर ट्रेनर्स डॉ. वाई. बी. माथुर, शमिन्द्र सक्सेना, विपिन सैनी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा देवठिया, जिला कोषाधिकारी धीरज जोशी सहित अन्य अधिकारी और चुनाव कार्मिक उपस्थित थे।

गणेश महोत्सव मनाया

पवनपुरी विकास समिति ने नेहरू बाल उद्यान पार्क में गणेशजी को छप्पन भोग लगाया।

बीकानेर, (कासं)। पवनपुरी सेक्टर नंबर 4 के नेहरू बाल उद्यान पार्क में गणेश महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है महोत्सव में छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया व बड़ी संख्या में भक्तगणों ने भागीदारी निभाई। सुनीता रामनानी, चेष्टा बक्शी, विशाली, वैशाली तंवर, किरण भूटानी, संगीता माधवनी, रेखा कपूर, कृष्णा शर्मा, अनिल भूटानी, दीपक मल्होत्रा, मधु भाटिया, मुकेश शर्मा, मनोज भाटिया, राजा कपूर, राजकुमार भाटिया एवं समस्त मोहल्ले वासियों में संपूर्ण सहयोग देकर गणेश महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया।

अकादमी पुरस्कार के आवेदन 29 तक

बीकानेर, (कासं)। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 के तहत अकादमी के विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पुरस्कारों के आवेदन की अंतिम तिथि 29 सितम्बर 2023 है। इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अकादमी अध्यक्ष शिवराज छंगाणी ने बताया कि साहित्यकारों के व्यापक हित को देखते हुए अकादमी के उक्त तीन वर्षों के पुरस्कारों के तहत जवाहर लाल नेहरू राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार तथा रावत सारस्वत साहित्यिक पत्रकारिता पुरस्कार के पूर्व में जारी आवेदन नियमों में आंशिक संशोधन किया गया है। अब जवाहर लाल नेहरू राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार में डिमाई साइज की कम से कम 32 पृष्ठों की पुस्तक तथा रावत सारस्वत साहित्यिक पत्रकारिता पुरस्कार के लिए भी डिमाई साइज की कम से कम 32 पृष्ठों की पत्रिका स्वीकार की जायेगी। इसके साथ ही सभी पुरस्कारों के नियमों व प्रपत्रों की जानकारी अकादमी की वेबसाइट तथा अकादमी फेसबुक से व अकादमी कार्यालय से भी कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

फर्जी नाम जोड़ने पर ज्ञापन सौंपा

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य के साथ महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी ने बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल से मिलकर ज्ञापन दिया। कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाये आरोप का खंडन करते हुए इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जांच करवाने की बात कही। विजय आचार्य ने जिला कलेक्टर से कहा बीकानेर पूर्व व पश्चिम विधानसभा के अन्दर नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने का कार्य निर्वाचन विभाग द्वारा निरंतर जारी है। उपरोक्त विषय के अन्दर ज्ञात हुआ है कि अधिक उम्र के व्यक्तियों के नाम बीकानेर पश्चिम मतदाता सूची में जोड़े गये है। बिना किसी आधार व दस्तावेजों के बिना जोड़े गये हैं। उक्त मतदाताओं की निष्पक्ष जांच करने व मतदाता सूचियों से नाम हटाया जाये। कल बीकानेर के कांग्रेस नेताओं ने इस विषय को उठाते हुए फर्जी नाम जुड़वाने का जो आरोप भाजपा पर लगाया है व बिल्कुल बेबुनियाद व झूठा है। फर्जी मतदाता सूची बनाना कांग्रेस की फितरत है। हमारी पार्टी भी यह मांग करती है कि वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ते हुए फर्जी मतदाताओं के नाम तत्काल हटाये जाये और इस षडयंत्र में शामिल सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई।

अब मोबाइल ऐप से शिक्षक दर्ज करेंगे छात्रों की हाजरी

बीकानेर, (कासं)। अब स्कूलों में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति शिक्षक दिवस पर लांच किये गए शाला दर्पण शिक्षक मोबाइल एप से होगी। इस एप के माध्यम से शिक्षकों को स्टाफ लॉगिन से इस मोबाइल एप पर पहले अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

उसके बाद अपनी कक्षा के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इससे विद्यार्थियों का रियल टाइम डाटा पूर्व में चल रहे शाला दर्पण पोर्टल के उपस्थिति माड्यूल से लिंक हो जायेगा। प्रथम चरण में मोबाइल एप से लॉगिन की सुविधा कक्षाध्यापकों को होगी। इस एप से गांधी जयंती यानी दो अक्टूबर से उपस्थिति शुरू होगी। इसके बारे में पूरी जानकारी देने के लिए वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस वेबिनार में सभी संस्था प्रधानों, मुख्य ब्लॉक शिक्षा

- **इस ऐप से गांधी जयंती यानी दो अक्टूबर से उपस्थिति शुरू होगी**

अधिकारियों, सभी माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारियों तथा संभागीय संयुक्त निदेशक हिस्सा लेंगे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी संस्था प्रधानों को तथा अपने अधीनस्थ सभी शिक्षकों को उनके मोबाइल में इस एप को डाउनलोड तथा इंस्टॉल कराने की निर्देश दिए हैं। उन्हें यह भी देखना होगा कि रोजाना हर विद्यार्थी की उपस्थिति एप पर दर्ज हो और कक्षाध्यापक की मैपिंग पोर्टल पर हो। इसके अलावा संस्था प्रधानों को कक्षाध्यापक के अनुपस्थित रहने पर शाला दर्पण पोर्टल प्रभारी के माध्यम से विद्यार्थियों की उपस्थिति मॉड्यूल में दर्ज कराने तथा स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति को एप तथा मॉड्यूल दोनों पर प्रमाणित करना होगा। प्रथम चरण में कक्षाध्यापक को मोबाइल एप पर लॉगिन की सुविधा होगी तथा उन्हें प्रथम कालांश से पूर्व अपनी उपस्थिति तथा बाद में विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

अगले चरण में अन्य स्टाफ को भी अपनी उपस्थिति मोबाइल एप पर ही देनी होगी। जब तक स्टॉफ की उपस्थिति मोबाइल एप से शुरू नहीं होगी, तब तक शाला दर्पण प्रभारी अन्य स्टाफ की उपस्थिति पोर्टल पर मौजूद माड्यूल पर दर्ज करेंगे। हालांकि मोबाइल एप पर उपस्थिति शुरू करने के लिए विभाग की ओर से 22 सितम्बर को ऑनलाइन वेबिनार का उल्लेख तो किया गया है। लेकिन इन आदेशों में इस वेबिनार का समय नहीं दिया गया है।

नहर में डूबने से मजदूर की मौत

हनुमानगढ़, (कासं)। संगरिया के उप तहसील गांव ढाबां की करणी सिंह ब्रांच नहर में डूबने से खेतीहर मजदूर की मौत हो गई।

मृतक अविवाहित था। दूसरे दिन उसका शव गोताखोरों ने बरामद किया। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई सुखचैन सिंह की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की है। पोस्टमोर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मौके पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि रमन सिद्धू व चौकी प्रभारी विजय सिंह कस्वां ने बताया कि वार्ड दो गांव ढाबां निवासी बूटा सिंह (26) पुत्र देवसिंह गुरुवार शाम करीब साढे पांच बजे खेत मजदूरी कार्य दौरान करणी सिंह ब्रांच स्थित 12 हैड पर पानी लेने के लिए नहर में उतरा। अचानक पैर फिसलने से वह पानी में डूब गया।

परिजनों व ग्रामीणों ने उसे नहर में ढूंढना शुरू किया लेकिन सुराग नहीं लगा। शुक्रवार सुबह हनुमानगढ़ से पहुंची नागरिक सुरक्षा टीम के गोताखोरों ने करीब दस बजे बूटासिंह का शव नहर से बरामद किया।

भारी मात्रा में मिली पेन किलर दवा की खेप

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के रायसिंहनगर में पेन किलर दवाओं को नशे में इस्तेमाल होने पर नशेड़ियों की मौज है। नशे की लत की बढ़ती संख्या को देखते औषधि विभाग के जयपुर स्थित निदेशालय की टीम ने श्रीगंगानगर और रायसिंहनगर में एक ही परिवार की अलग-अलग दवा फर्मों की जांच की तो बड़े पैमाने पर इन पेन किलर दवाओं के बेचान का मामला सामने आया।

मेडिकल एजेंसी पर जयपुर के आठ अफसरों और हनुमानगढ के दो अधिकारियों कुल दस अधिकारियों की अगुवाई में दबिश दी गई। इस एजेंसी में प्रीगाबालिन साल्ट के कैप्सूल काफी मात्रा में मिले। जब इस दुकान से अन्य जगह सप्लाई करने के संबंध में पूछताछ और लैपटॉप पर आपूर्ति किये गए ठिकानों की सूची देखी तो जांच अधिकारियों में खलबली मच गई। इस दवा के अलावा अन्य साल्ट की दवाईयां रायसिंहनगर में इसी परिवार के सदस्य

- **दवा फर्मों की जांच में बड़े पैमाने पर पेन किलर दवाओं के बेचान का मामला सामने आया**

की ओर से संचालित दुकान पर बेचने की जानकारी आई।

इस कार्रवाई में जयपुर के दो सहायक औषधि नियंत्रक व पांच दवा निरीक्षक के अलावा हनुमानगढ़ के दो अधिकारी भी शामिल थे। सहायक औषधि नियंत्रक अजीत जैन ने बताया कि श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर हुई कार्रवाई के तार रायसिंहनगर एक मेडिकल से जुड़े होने के कारण टीम दोपहर दो बजे रायसिंहनगर पहुंची। इस कार्रवाई की भनक लगने पर संबधित मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद कर मौके से गायब हो गया।

जैतसर को अनूपगढ़ में शामिल करने का विरोध

जैतसर, (अनूपगढ़)। नवीन जिलों के गठन के दौरान जैतसर उप तहसील क्षेत्र को श्रीगंगानगर जिले से हटाकर नवसृजित अनूपगढ़ जिले में शामिल करने के विरोध में सर्वदलीय समिति की ओर से कस्बे के गांधी चौक में प्रारंभ किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 39 वें दिन भी जारी रहा।

सर्वदलीय समिति ने विभिन्न संगठनों के सहयोग से बाजार बंद रखकर विरोध जताया। वहीं पांच जीबी-जैतसर-पदमपुर सडक़ मार्ग को अवरुद्ध कर सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक सांकेतिक चक्का जाम भी किया गया। सर्वदलीय समिति सदस्य लक्की गजरा व हरबंस थरेजा ने बताया कि विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक व राजनातिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने धरनास्थल पर पहुंचकर उप तहसील क्षेत्र को श्रीगंगानगर जिले में यथावत

- **ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी**

रखने की मांग को दोहराया। गांधी चौक में आयोजित धरनास्थल पर जैतसर सरपंच रविन्द्र बाघला, मसानीवाला सरपंच पूर्णचंद लीलड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह विड़िंग, कोषाध्यक्ष सुरेश मौर, पूर्व अध्यक्ष वेदप्रकाश सेतिया, पूर्व डायरेक्टर श्योनाथ बारुपाल सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए कहा कि जैतसर उप तहसील को सूरतगढ़ तहसील में शामिल नहीं किए जाने तक संघर्ष समिति का धरना जारी रहेगा। कस्बे के गांधी चौक में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने व सांकेतिक चक्का जाम के दौरान परिवहन सेवाएं ठप रही।

महेन्द्र नाथ धवन का निधन

बीकानेर,(कासं)। भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी महेन्द्र नाथ धवन का शुक्रवार को लम्बी बीमारी से बीकानेर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया।

धवन 1961 बैच के अधिकारी थे। उन्होंने बीकानेर, श्रीगंगानगर, चुरू, उदयपुर, पाली जैसलमेर, अजमेर तथा रेल विभाग में पुलिस अधीक्षक रूप में अपनी सेवाएं दी। धवन वर्ष 1993 में बीकानेर संभाग में उप महानिरीक्षक पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। धवन को वर्ष 1992 में पुलिस सेवा के सर्वोच्च पदक राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है। धवन के एक पुत्र संजय धवन लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी है। धवन की पुत्री डॉक्टर सोनाली धवन वर्तमान में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में अधीक्षक पद पर अपनी सेवाएं दे रही है। धवन के दामाद डॉक्टर गुंजन सोनी अभी एसपी मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य एवं नियंत्रक पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

गजसिंहपुर चिकित्सालय का काम अधूरा, लोकार्पण 26 को

गजसिंहपुर, (कासं)। आदर्श चिकित्सालय गजसिंहपुर में आपरेशन थियेटर व उपकरण तथा चिकित्सा सामग्री का काम अभी बकाया है। जबकि काम बंद कर 26 सितम्बर को आनन फानन में इस भवन के लोकार्पण की घोषणा कर दी।

न तो यह आदर्श चिकित्सालय में बदला और न ही चिकित्सा सामग्री व उपकरण इत्यादि आये। जबकि इसका भवन पहले ही पर्याप्त था। दो करोड़ रुपये में से मात्र 63 लाख रुपये मिले जबकि न आदर्श चिकित्सालय बना न ही कोई अन्य सुविधाएं मिली। व्यापार मंडल ने लाखों रुपये लगाकर एसी लगवाये व डेंटल एक्स-रे मशीन दी परंतु राज्य सरकार की तरफ से चिकित्सालय को उपकरण व अन्य कुछ न मिलने से कस्बेवासी इसे केवल थोथी घोषणाएं ही करना बता रहे हैं।

- **न आदर्श चिकित्सालय बना और न ही कोई अन्य सुविधाएं मिली**
- **दो करोड़ रुपये में से मात्र 63 लाख ही मिले**

राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को आदर्श चिकित्सालय बनाने की घोषणा एक वर्ष पूर्व विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर ने की थी। पूरे राज्य में हर विधानसभा क्षेत्र में एक चिकित्सालय चुना गया था जिसको आदर्श चिकित्सालय बनाना था व श्रीकरनपुर विधानसभा क्षेत्र में गजसिंहपुर चिकित्सालय को आदर्श बनाना तय किया था। विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर ने आदर्श चिकित्सालय के लिये 2 करोड़ रूपये देने की घोषणा की थी। चिकित्सालय पास भूमि नहीं होने पर नगर पालिका ने प्रस्ताव पारित करके चिकित्सालय को भूमि भी दे दी तथा निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। दो करोड़ रुपये में से पहली किश्त निर्माण कार्य के लिये 63 लाख रुपये जारी कर दी तथा 63 लाख रूपये में दो वार्ड तैयार हुए परंतु उसके बाद अगली किश्त जारी ही नहीं की गई। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पांच चिकित्सकों के पद हैं व लगभग तीन सौ रोगियों की प्रतिदिन ओपीडी है परन्तु पिछले पांच वर्षों से एक ही चिकित्सक कार्यरत हैं व चार पद रिक्त पड़े है। कस्बे वासियों का कहना है कि आदर्श चिकित्सालय तो नहीं बना परंतु चिकित्सक व अन्य स्टाफ तथा उपकरण पूरे कर दें।

ट्रांसजेंडर भी मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं : रियार

हनुमानगढ़, (कासं)। ट्रांसजेंडर कम्युनिटी को मताधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिले के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार कि अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने ट्रांसजेंडर्स समाज के बीच होने वाले भेदभाव तथा उनको आ रही दिक्कतों पर खुल कर चर्चा की।

जिला कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद शहर के ट्रांसजेंडर्स को वोटिंग राइट्स के लिए जागरूक करना है। ताकि वो ज्यादा से ज्यादा ईपिक कार्ड बनवाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभा सकें। इस तरह के आयोजन से ट्रांसजेंडर्स को जानकारी मिलेगी तभी उनके मुद्दे सशक्त रूप से सामने आ सकेंगे।

रूक्मणि रियार ने बताया कि जिले

हनुमानगढ़ कलेक्टर रूक्मणि रियार ने वी. सी. के माध्यम से ट्रांसजेंडर्स समाज के बीच होने वाले भेदभाव तथा उनको आ रही दिक्कतों पर की चर्चा।

में कुल 31 पंजीकृत ट्रांसजेंडर मतदाता है। जिसमें संगरिया में 5, पीलीबंगा में 6, नोहर में 4, और भादरा में 2 मतदाता है। कोई ट्रांसजेंडर मतदाता अपना लिंग बदलना चाहता है, तो फॉर्म 8 भरकर आसानी से बदला जा सकता है। जिला कलेक्टर ने कहा कि दस्तावेजों के अभाव में कोई भी मतदान करने से वंचित नहीं रहेगा। इसके लिए उन्होंने

- **कलेक्टर ने की ट्रांसजेंडर्स की समस्याओं पर चर्चा**

ट्रांसजेंडर के वोट बनाने हेतु विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। रूक्मणि रियार ने कहा कि पहले महिलाएं स्नातक तक भी नहीं पढ़ पाती थी। वहीं अब टॉपर्स महिलाएं बन रही है। इसी प्रकार ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के प्रति भी लोगों कि सोच बदल रही है। रियार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर अपने साथियों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करें और मतदान हेतु प्रेरित करें। ट्रांसजेंडर्स की समस्याओं को सुनते हुए 30 सितम्बर से पहले बाहरी राज्यों से आये ट्रांसजेंडर, जो जिले में निवासरत है, के वोट बनाने के निर्देश दिए।

उन्नत तरीके से बकरी पालन एवं प्रबंधन पर जानकारी दी

श्रीगंगानगर, (कासं)। पशु विज्ञान केंद्र सूरतगढ़ द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत दो दिवसीय वैज्ञानिक बकरी पालन एवं प्रबंधन विषय पर शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

मुख्य अतिथि उपनिदेशक, कृषि एवं पदेन आत्मा डॉ. विनोद गौतम श्रीगंगानगर रहे। जिन्होंने आत्मा अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा कृषक व पशुपालकों को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. अरूण कुमार झीरवाल ने प्रशिक्षण के दूसरे दिन की शुरूआत करते हुए बताया कि बकरी पालन में आर्थिक लाभ इस बात पर निर्भर करता है कि अच्छी नस्ल, वैज्ञानिक प्रबंधन एवं मादा बकरी की देख-भाल एवं नवजात बच्चों की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए

बकरी के नवजात में बच्चों की आहार प्रबंधन के साथ खींस पिलाना,

वैज्ञानिक बकरी पालन एवं प्रबंधन विषय पर आयोजित दो दिवसीय शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे।

चारा, दाना प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मनीष कुमार सेन ने बकरियों में बांझपन समस्या के कारण एवं निवारण तथा बकरी के दूध के महत्व तथा मानव स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार लाभदायक है। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी और बकरियों में पेट के कीड़े, खनिज लवण, एजोला घास के महत्व बताएं। पशुपालकों को केन्द्र की प्रयोगशाला, अजोला यूनिट, साइलेज, चारा के बारे विस्तार से जानकारी दी।